(ख) मध्य प्रदेश और उड़ीसा के किन-किन खिलाड़ियों को इस योजना का लाभ दिये जाने की संभावना है ।

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह)** : (क) वर्तमान में सरकार ओलम्पिक, एशियाई तथा राष्ट्रमण्डल खेलों में पदक जीतने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान करती है । इसके अतिरिक्त, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को राजीव गांधी खेल-रत्न तथा अर्जुन पुरस्कार जैसे पदक प्रदान करके सामाजिक मान्यता तथा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है ।

(ख) ये योजनाएं सभी राज्यों, जिसमें मध्य प्रदेश तथा उड़ीसा भी शामिल है, के उत्कृष्ट खिलाड़ियों पर लागू होती हैं ।

**गो-हत्या के मामले**

@3103. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां गो-हत्या पर पूर्ण या आंशिक प्रतिबंध लगाया गया है और उक्त प्रतिबंध कब से लगाया गया है;

(ख) वर्ष 1990-91 तथा 1991-92 के दौरान गो-हत्या पर लगे प्रतिबन्ध का उल्लंघन कर गो-हत्या की कुल कितनी घटनाएं हुई हैं; तथा उन व्यक्तियों की राज्य-वार संख्या कितनी है जिनके विरुद्ध इस संबंध में कार्रवाई की गई है; और

(ग) क्या सरकार गो-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए कोई प्रभावी विधान बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो उक्त विधान कब तक बना दिये जाने की संभावना है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम)** : (क) से (ग) सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

**Sale of Licences for Manufacturing Pesticides**

@@3104. SHRI SATISH PRADHAN : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether the trading of licences granted for manufacturing of pesticides under the provisions of the Insecticides Act is being indulged in by the allottees;

(b) if so, the number of such cases detected by Government during the last two years;

(c) the number of applications received during 1988-89, 1989-90, 1990-91, number of licences issued to the applicants as above and number of units having completed the plant within stipulated period of two years;

(d) whether Government propose to revise the policy/amend the Insecticides Act; if so, the details thereof; and

(e) if not, what action Government propose to take to prevent the sales of these licences ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI S. KRISHNA KUMAR) : (a) No such cases have come to the notice of the Government of India so far.

(b) Question does not arise.

(c) The available information is annexed as statement (*See* below).

(d) and (e) Amendment to the Insecticides Rules 1971 including Rule 14, which deals with transfer of licence, has been notified for inviting public comments.

@पूर्वतः असंख्याकित प्रश्न 1853, 10 मार्च, 1993 से स्थानान्तरित ।

@@ Previously unstarred question 1994, transferred from 11th March 1993.